दिन–शुक्रवार दिनांक– 13 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंद्रह सितम्बर को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भागलपुर–हावड़ा और पटना–जमशेदपुर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

02. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह सत्रह सितम्बर को बेगूसराय में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्ट के एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ करेंगे।

03. केन्द्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजया पुरम करने का निर्णय लिया।

04. और, पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंद्रह सितम्बर को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भागलपुर–हावड़ा और पटना–जमशेदपुर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भागलपुर जंक्शन पर मौजूद रहेंगे। भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि आज वंदे भारत ट्रेन का भागलपुर से दुमका के बीच ट्रायल रन किया गया जो सफल रहा।

———बाईट———

भागलपुर जंक्शन से वंदे भारत ट्रेन दोपहर बारह बजे खुली और दो बजकर पैंतालीस मिनट पर दुमका जंक्शन पहुंची। बाद में यह ट्रेन दुमका से दोपहर तीन बजे भागलपुर के लिए रवाना हुई। सत्रह सितम्बर से वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन शुरू हो जायेगा। रेलवे द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार ट्रेन का परिचालन शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन किया जायेगा। यह ट्रेन सुबह सात बजकर पैंतालीस मिनट पर हावड़ा से रवाना होगी और रामपुरहाट, दुमका तथा हंसडीहा होते हुये दोपहर दो बजकर पांच मिनट पर भागलपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन तीन बजकर बीस मिनट पर भागलपुर से खुलेगी और रात नौ बजकर बीस मिनट पर हावड़ा जंक्शन पहुंचेगी। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

————————————————————————

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह सत्रह सितम्बर को बेगूसराय में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्ट के एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ करेंगे। जिले के देवना में निफ्ट की शुरूआत की जा रही है। अभी यहां जीविका दीदी सहित फैशन डिजाईनिंग में प्रशिक्षण के इच्छुक लोगों को ट्रेनिंग दी जायेगी। शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस से निफ्ट में नामांकन के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा के आधार पर इस संस्थान में नामांकन लिया जायेगा। अभी यह संस्थान एक निजी भवन

में संचालित होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि निफ्ट के अपने भवन के लिए बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण और हिन्दुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड, बरौनी के साथ बातचीत चल रही है।

———————————————————————

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आज पटना में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी सह व्यापार मेले का उद्घाटन किया। पन्द्रह सितम्बर तक चलने वाले इस मेले में अठारह परपंरागत कलाओं के कलाकारों की प्रदर्शनी लगी है। साथ ही उनके उत्पादों की बिक्री की जा रही है। मेले का उद्घाटन करते हुये श्री मांझी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों को तकनीकी और आर्थिक सहायता के साथ–साथ बाजार उपलब्ध कराना है।

———————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में आपसी सहमति के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के फौजदारी मामलों का निपटारा किया जायेगा। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली बिल विवाद, टेलीफोन बिल विवाद, वाहन दुर्घटना बीमा, श्रम वाद, नीलाम पत्र वाद और पारिवारिक मामलों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर होगा।

———————————————————————

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को त्यौहारो के दौरान मिलावटी मिठाई और दुग्ध उत्पाद बनाने तथा बेचने वालों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भारतीय खादय सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि इन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए समय समय पर औचक जांच भी की जानी चाहिए। प्राधिकरण ने सुझाव दिया है कि जहां खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा जांच के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स जैसे वैन उपलबध हैं, उन्हें प्रमुख बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तैनात किया जाना चाहिए। पल्लवी की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अमन यादव।

———————————————————————

चौथा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन कल नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह हीरक जयंती सत्र का उद्घाटन करेगें। मीडिया को संबोधित करते हुए राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्य ने बताया कि

इस हीरक जयंती को यादगार बनाने के लिए स्मारक डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया जायेगा।

———बाईट———

प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा और माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी के प्रभावी नेतृत्व में राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय इस वर्ष का राजभाषा हिंदी दिवस 2024 और चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन भारत मंडपम में कल और परसों कर रहा है।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजया पुरम करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार ने देश को औपनिवेशिक प्रतीकों से मुक्त करने का फैसला किया है। श्री विजया पुरम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मिली जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का देश के स्वतंत्रता संग्राम और इतिहास में अद्वितीय स्थान है। श्री शाह ने कहा कि यह वह स्थान भी है जहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने पहली बार तिरंगा फहराया था और वह सेल्युलर जेल भी है जहां वीर सावरकर और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के लिए संघर्ष किया था।

———————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने विशेष स्वच्छता अभियान के चौथे चरण की प्रगति की निगरानी के लिए एक विशेष ऑन लाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य परिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में स्वच्छता को और बढ़ावा देना है। सरकार ने दो अक्टूबर से इकतीस अक्टूबर तक स्वच्छता के लिए प्रत्येक वर्ष विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में अगले तीन दिनों के दौरान मॉनसून की सक्रियता से बारिश की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि इस दौरान तेज हवा चलने का भी पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बरौनी में सबसे अधिक छियासठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मुजफ्फरपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र के टेकवारा गांव में बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में पिता—पुत्र की मौत हो गयी।

———————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इक्यासी नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक चौंतीस नये मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार चार सौ सात मामले सामने आ चुके हैं। एम्स नई दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर नीरज निश्चल ने कहा कि डेंगू मरीजों में प्लेटलेट्स की संख्या कम होना एक सामान्य प्रक्रिया है। इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

---बाईट---

---

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक बार फिर शराबबंदी कानून की समीक्षा करने की मांग की है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांझी ने कहा कि इस कानून का सबसे अधिक खामियाजा गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वे शराबबंदी का विरोध नहीं करते हैं, लेकिन कानून के कार्यान्वयन में काफी खामियां हैं, जिस कारण वे बार-बार इस कानून की समीक्षा की बात करते हैं।

---बाईट---

---

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की विशेष अदालत में आज होने वाली सुनवाई टल गयी है। आज प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दायर पूरक आरोप पत्र पर अदालत को संज्ञान लेना था। ईडी ने सात सितम्बर को इस मामले में पूरक आरोप पत्र दायर किया था।

---

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय विकास योजना डॉट ओआरजी नामक एक वेबसाईट को फर्जी बताते हुये लोगों को आगाह किया है। इस वेबसाईट के जरिये विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं और उनसे आवेदन शुल्क के रूप में एक हजार छह सौ पचहत्तर रूपये लिये जा रहे हैं। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने कहा है कि यह वेबसाईट कृषि मंत्रालय से जुड़ी नहीं है। पीआईबी ने लोगों को ऐसे फर्जी वेबसाईट से सावधान रहने की सलाह दी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में विश्वेश्वरैया भवन के जीर्णोद्धार और पुनर्विकास कार्य के तहत जी प्लस-सेवन भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा भवन निर्माण मंत्री जयंत राज समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो ने पूर्वी चम्पारण जिले में फर्जी डिग्री के आधार पर शिक्षक की नौकरी कर रहे चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इनमें से तीन शिक्षक पिपराकोठी और एक शिक्षिका तुरकौलिया की है। जिले में अब तक चौदह फर्जी शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जा चुकी है।

———————————————————————

गया जिले के वजीरगंज प्रखंड के चकसेव गांव में कुएं की सफाई के दौरान दम घुटने से तीन युवकों की मौत हो गई।

———————————————————————

शिवहर जिले के सदर थाना क्षेत्र और तरियानी थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र अन्तर्गत एम्स के पास अपराधियों ने एक जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विक्रम सिहाग ने बताया कि मौके से चार कारतूस बरामद किये गये हैं। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र स्थित एक पेपर मिल में आज आग लग गयी। दमकल की पांच गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। अगलगी की इस घटना में लाखों रूपये मूल्य की सम्पत्ति जलकर नष्ट हो गयी।

———————————————————————

कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नम्बर पन्द्रह से पुलिस ने मादक पदार्थ हेरोईन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंद्रह सितम्बर को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भागलपुर–हावड़ा और पटना–जमशेदपुर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

02. केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह सत्रह सितम्बर को बेगूसराय में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी, निफ्‌ट के एक्सटेंशन ब्रांच का शुभारंभ करेंगे।

03. केन्द्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजया पुरम करने का निर्णय लिया।

04. और, पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।